घटना

अस्पताल पहुंचीं विधायक मुंजारे, की उच्च स्तरीय जांच की मांग

सरदार पटेल कॉलेज की छात्रा ने पिया जहरीला पदार्थ

नवभारत न्यूज बालाघाट। बालाघाट के शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से संबद्ध आयुर्वेदिक कॉलेज, डोंगरिया की आयुर्वेद विभाग की एक छात्रा को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार छात्रा ने कॉलेज की लैब में कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। घटना के बाद कॉलेज के दो प्राध्यापक एवं एक छात्रा उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार छात्रा को गंभीर स्थिति में भर्ती किया गया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने उसकी जान बचाने के लिए तत्काल उपचार प्रारंभ किया तथा पेट की सफाई (गैस्ट्रिक लैवेज) की प्रक्रिया की गई। चिकित्सकों ने बताया कि जहरीले पदार्थ की अधिक मात्रा शरीर के विभिन्न अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए छात्रा को लगातार चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे भी शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय पहुंचीं। उन्होंने उपचार कर रही डॉक्टर ममता मरकाम सहित चिकित्सकीय दल से छात्रा की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली तथा अस्पताल में मौजूद छात्रा एवं संबंधित लोगों से भी बातचीत की। विधायक ने चिकित्सकों से छात्रा के बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई

विधायक अनुभा मुंजारे ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से इस घटना की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह करेंगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनियमितता अथवा छात्रों पर अनुचित दबाव बनाए जाने के तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के केंद्र होते हैं। ऐसे संस्थानों में ऐसा वातावरण होना चाहिए जहां छात्र-छात्राएं बिना किसी अनावश्यक मानसिक या आर्थिक दबाव के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। यदि किसी छात्र को किसी कारणवश मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है, तो संस्थान का दायित्व है कि उसे उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

फाइन जमा करने का बनाया था दबाव

अस्पताल परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक अनुभा मुंजारे ने आरोप लगाया कि छात्रा पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा कम उपस्थिति (अटेंडेंस) के आधार पर जुर्माना (फाइन) जमा करने का दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थी। विधायक ने कहा कि यदि यह तथ्य जांच में सही पाए जाते हैं तो यह अत्यंत गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्हें लगातार छात्रों से ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं कि विश्वविद्यालय एवं कॉलेज स्तर पर विभिन्न प्रकार के आर्थिक दबाव और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने आरोप लगाया कि छात्रों के साथ होने वाले कथित आर्थिक शोषण और मानसिक दबाव जैसे मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

शराब दुकान हटाने कलेक्ट्रेट पहुंचीं विधायक

जनसुनवाई में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज बालाघाट। नगर पालिका बालाघाट के वार्ड क्रमांक 12 में संचालित शराब दुकान के स्थानांतरण की मांग को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ विधायक अनुभा मुंजारे ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर नियमित जनसुनवाई में भाग लिया। इस दौरान नवनियुक्त जिला कलेक्टर कुमार सत्यम से मुलाकात कर वार्डवासियों की ओर से शराब दुकान को रहवासी क्षेत्र से हटाने अथवा अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग रखी गई।

जनसुनवाई के दौरान अनुभा मुंजारे ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वार्ड क्रमांक 12 की महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक पिछले 114 दिनों से अधिक समय से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक जिला प्रशासन द्वारा समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जारी आंदोलन के बावजूद मांगों की अनदेखी होने से महिलाओं और क्षेत्रवासियों में निराशा एवं आक्रोश का वातावरण है।

उन्होंने कहा कि संबंधित शराब दुकान रहवासी क्षेत्र में संचालित होने के कारण महिलाओं, बच्चों एवं आम नागरिकों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में आए दिन असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें मिलती हैं, जिससे स्थानीय लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने भी अपनी सुरक्षा एवं सामाजिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए शराब दुकान को तत्काल हटाने की मांग दोहराई।

चार माह के अधिक समय से धरने पर बैठी हैं महिलाएं

अनुभा मुंजारे ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शराब दुकान को आबादी वाले क्षेत्र से हटाने अथवा किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश एवं जिला प्रशासन द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' जैसे जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, तब दूसरी ओर माताएं-बहनें स्वयं नशामुक्त वातावरण की मांग को लेकर चार माह से अधिक समय से धरने पर बैठी हैं। ऐसे में प्रशासन को केवल जागरूकता अभियान तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर भी प्रभावी निर्णय लेने चाहिए।

एक नजर में

छोटी सी लापरवाही ने ली सर्पमित्र की जान

भुआ बिछिया। जाने माने सर्प मित्र अमन उर्फ बाबी गोहिया पिता नारायण गोहिया की सर्पदंश के कारण जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि, घुटास रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक कोवरा का रेस्क्यू करते समय डब्बे में बंद करने के दौरान, अमन को कोबरा ने काट लिया तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया लाया गया और प्राथमिक इलाज के दौरान बिगड़ती स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां पर आज उनकी मृत्यु हो गई, उल्लेखनीय है कि अमन गोहिया सहज सरल स्वभाव और हर समय लोगों की मदद करते रहे हैं गत वर्ष उन्हें 26 जनवरी के अवसर पर सम्मानित किया गया था किंतु दुखद बात यह है की जो सेकड़ो लोगों का जीवन बचाया, हजारों सांपों को जंगलों में छोड़कर जीवनदान दिया, आज उसकी समुचित इलाज के अभाव पर मौत हो गई, अंतिम शव यात्रा पर सैकड़ो की संख्या में नम आँखो से लोगों ने अश्रु पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।

अमानक उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर लगाया गया प्रतिबंध

नवभारत न्यूज बैहर। अधिसूचित प्राधिकारी एवं उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बहुउद्देश्यीय प्राथमिक साख समिति भण्डेरी विकासखण्ड बैहर एवं बहुउद्देश्यीय प्राथमिक साख समिति सालेटेका विकासखंड खैरलांजी की संस्था से लिये गए उर्वरक सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने पर बैच क्रमांक डीडब्ल्यूआरएम 26/जी/02/जून 26 एवं बैच क्रमांक डीडब्ल्यूआरएम 26/बीजी/02/जून 26 के जिले में उक्त लॉट के उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। उर्वरक निरीक्षक द्वारा 06 जुलाई को भण्डेरी बैच के सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए गुण नियंत्रण प्रयोगशाला सागर भेजे गए थे। इसी प्रकार एवं 03 जुलाई को सालेटेका से एकत्र किये गए उर्वरक के नमूने गुण नियंत्रण प्रयोगशाला इंदौर जांच के लिए भेजे गए थे। उर्वरक उत्पादक कंपनी मेसर्स आर एम फास्फेट एंड केमिकल्स प्रा.लि. मुम्बई महाराष्ट्र द्वारा निर्मित उक्त उर्वरक के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने के कारण यह कार्यवाही की गई है। निर्माता कंपनी को 07 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

कलेक्टर ने लिया सीएम के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा

सूपखार पहुंचकर दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत, बालाघाट। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस सप्ताहांत प्रस्तावित बालाघाट दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कुमार सत्यम ने 3 अगस्त को सूपखार पहुंचकर कार्यक्रम स्थल एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रस्तावित हेलीपैड, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा सूपखार पहुंच मार्ग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूपखार पहुंच मार्ग की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई पुलिया का सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान एसपी आदित्य मिश्रा, एसडीएम अर्पित गुप्ता, एएसपी नितेश भार्गव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की।

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

नवभारत, बालाघाट। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिले में हर्षोल्लास के साथ धमूधाम से मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए कलेक्टर कुमार सत्यम ने 04 अगस्त को अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, विजय यादव, एमआर कोल, एसडीएम गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि जिला मुख्यालय बालाघाट में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सभी कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड बालाघाट में होंगे। सभी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज के फहराने का समय 7 से 8 के बीच होगा। तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि पुलिस परेड ग्राउंड के कार्यक्रम में अतिथियों की समुचित बैठक व्यवस्था व्यवस्था की जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ उन्हें घर से लाने और वापस ले जाने की जिम्मेदारी दी गई। मुख्य समारोह में माइक और साउंड बॉक्स की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी के जिम्मे रहेगी। मुख्य समारोह के लिए वाटरप्रूफ पंडाल की देखरेख सीएमओ को सौंप गई है। विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अधिकारी एमपीईबी देखेंगे।

6 से 12 तक होगी रिहर्सल

बैठक में तय किया गया कि मुख्य समारोह में होने वाली परेड की रिहर्सल 06 अगस्त से प्रारंभ कर 12 अगस्त तक होगी। एंबुलेंस, हैंड सेनीटाइजर की समुचित व्यवस्था सीएमएचओ करेंगे। बैठक में तय किया गया कि स्वतंत्रता दिवस पर कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक के झंडे का उपयोग नहीं करेगा और न ही विक्रय करेगा। तिरंगा झंडा कपड़े का ही उपयोग किया जायेगा और वह भी निर्धारित लंबाई व चौड़ाई का होना चाहिए।

वारासिवनी में संभागीय योग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

जबलपुर संभाग के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

नवभारत, वारासिवनी। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित संभागीय योग प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को टिहली बाई सांदीपनी विद्यालय, वारासिवनी में गरिमामय वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी, कोच एवं मैनेजर भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में टिहली बाई सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य हुमराज पटले, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी, जिला योग प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, अशोक शिवने, संभागीय पर्यवेक्षक हरीश धुवारे, प्राचार्य अरविंद पारधी सहित विभिन्न जिलों से आए कोच, मैनेजर एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य हुमराज पटले ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता बनने वाले खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता में अनुशासन एवं खेल भावना का विशेष महत्व है। सभी खिलाड़ियों के लिए आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है और प्रतिभागियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी विभिन्न योगासन एवं आर्टिस्टिक तथा रिदमिक योग की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कमल टेम्भरे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राजेंद्र सहारे, लखन रिनायत, राजेश सोनेकर मीडिया प्रभारी हेमवंत माहुले सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अवैध महुआ शराब-लाहन बरामद, भट्टी की ध्वस्त

तिरोड़ी के जंगलों में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

नवभारत कटंगी 4 अगस्त। आबकारी विभाग वृत्त कटंगी ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एल तिरोड़ी क्षेत्र के बोथवा और रामजी टोला के जंगलों में दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के अड्डे का भंडाफोड़ किया है।

मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग वृत्त कटंगी के *उप निरीक्षक* के नेतृत्व में टीम ने बोथवा और रामजी टोला के घने जंगलों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से *भारी मात्रा में महुआ शराब, लाहन और शराब बनाने की सामग्री* बरामद की गई। आबकारी टीम ने जंगल में लगी अवैध भट्टियों को मौके पर ही तोड़कर नष्ट कर दिया।

आगे भी जारी रहेगा अभियान- आबकारी अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर लगातार नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाए : भदौरिया

कलेक्टर ने निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

डिंडौरी, नवभारत 4 अगस्त। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने मंगलवार को बैगा बैगी चौराहा पहुंचकर निर्माणाधीन पानी टंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैगा बैगी प्रतिमा में हुई क्षति का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रतिमा की शीघ्र मरम्मत कराने तथा चौराहे की नियमित साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण एवं समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि स्थल की गरिमा और स्वच्छता बनी रहे।

सभी कार्य समय पर पूर्ण करें

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, तहसीलदार शशांक शेण्डे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाघ की उपस्थिति पर ग्रामीणों को दी गई समझाइश

गोरेघाट क्षेत्र में वन विभाग का जागरूकता अभियान

नवभारत कटंगी 4 अगस्त। दक्षिण वन मंडल सामान्य कटंगी के वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबुलाल चडार के नेतृत्व में वन अमले ने रविवार को गोरेघाट परिक्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान वन अमले ने गोरेघाट क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर नागरिकों को बाघ की उपस्थिति के प्रति सतर्क और सावधान रहने की समझाइश दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबुलाल चडार ने ग्रामीणों से कहा कि जंगल क्षेत्र में बाघ विचरण कर रहा है। इसलिए सुबह-शाम अकेले जंगल न जाएं, मवेशियों को खुले में न छोड़ें और बच्चों को विशेष ध्यान में रखें।

मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकना प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि बाघ दिखने पर शोर न मचाएं, तुरंत वन विभाग को सूचना दें। पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी के साथ वन विभाग का हमराह स्टाफ भी मौजूद रहा। टीम ने ग्रामीणों को पंपलेट भी बांटे और आपातकालीन स्थिति में वन विभाग के हेल्पलाइन नंबर दिए। वन विभाग ने कहा कि क्षेत्र में बाघ की सुरक्षा के साथ-साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकना प्राथमिकता है।

आयोजन

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल

नवीन मंदिर परिसर में किया पंचव्रक्ष पौधों का रोपण

नवभारत, वारासिवनी। नगर के वार्ड 5 हेल्थ क्लब कालोनी मे श्रीगणेश जी, श्रीहनुमान जी, श्रीनर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा मे शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने भक्तो के साथ पूजन कर जयकारे लगाये।

नवीन मंदिर मे दैनिक पूजन, यज्ञ,न्यास प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति के अवसर पर गुडडा भैया ने कहा की मनुष्य के द्वारा ईश्वर की मूर्ति का निर्माण करने के बाद उसमे ईश्वरीय गुण और ईश्वर की समस्त शक्तियो को समाहित करने के लिये वैदिक मंत्रो एवं अनेक विधि विधान द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। जिससे पाषाण मुर्ति मे प्राणो का संचार हो जाता है। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर मे ही पंचव्रक्ष पौधो का रोपण किया गया। जिसमे पीपल, बरगद,बेल, अशोक और आंवला के पौधारोपण के समय भी गुडडा भैया ने कहा की इसमे देवताओ का वास होता है। इनको एक साथ लगाने और इनकी पूजा करने से घर मे सुख शांति का वास होने के साथ साथ पर्यावरण भी शुद्व होता है।

ये रहे उपस्थित

प्राण प्रतिष्ठा के इस अवसर पर विशेष रूप से पार्षद धर्मू जोशी, पार्षद मोनू लिमजे,पूर्व पार्षद सोनू जायसवाल, शरद दुबे, राम रूसिया, विजय वहिले, कन्हैयालाल राजपुरोहित, राजकुमार मिश्रा, अभिजीत ठाकुर, पवन रिनायत सहित हेल्थ क्लब कालोनी के निवासीगण उपस्थित रहे।

पेंशनर्स एसोसिएशन बिछिया की मासिक बैठक आयोजित

भुआ बिछिया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा बिछिया की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष डी.एल. गवले के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पेंशनरों की स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा करना और संगठन को अधिक मजबूत बनाना रहा।

इस दौरान सदस्यों ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन, स्वास्थ्य और अन्य शासकीय सुविधाओं को लेकर समय-समय पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से समन्वय बनाकर ठोस प्रयास किए जाएंगे। साथ ही संघ के दायरे को बढ़ाकर अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को सदस्य बनाने पर बल दिया गया। बैठक में दो सेवानिवृत्त शिक्षकों को संघ की सदस्यता प्रदान की गई। सेवानिवृत्त उच्च श्रेणी शिक्षक जग्गू लाल भांवरे एवं दशरथ सिंह धुर्वे को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्री गवले ने कहा कि शिक्षकों और वरिष्ठ जनों का अनुभव संघ के लिए मार्गदर्शक बनेगा। इस अवसर पर सदस्यों ने अपने विचार रखे। गुलाब सिंह जंघेला, विनोद कुमार गुप्ता, मंगलदास टांडिया, रामस्वरूप नामदेव, तेजलाल राय, प्रताप सिंह धुर्वे, गिरधारीलाल एवं रामफल झरिया ने कहा कि संगठन एकजुट होकर पेंशनर्स के सम्मान और अधिकारों के लिए कार्य करेगा।